## खबर संक्षेप

### नवीन खेत तालाब का किया गया निर्माण कार्य

**शहडोल।** जल है प्रकृति का अमूल्य उपहार बचाओ इसे, यही है जीवन का आधार जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायतो में जल संरक्षण के कार्य कराए जा रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान जल के एक एक बूंद को सहेजने के लिए 30 जून 2025 तक अभियान चलाया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जनपद पंचायत बुढार में ग्राम पंचायत खम्हारिया, देवरी, कदाहर में नवीन खेत तालाब के कार्य किया गया।

### पशु चिकित्सालय को अतिक्रमण से बचाने लगाई गुहार




**शहडोल।** कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता ने संभाग के दूर-दराज से आए लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनी और समस्याओं तथा शिकायतों का निराकरण समय-सीमा में करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में दुर्गा केवट निवासी नगर परिषद बकहो जिला शहडोल ने साउथ ईस्ट कोल फिल्ड लिमिटेड सोहागपुर क्षेत्र धनपुरी में अधिकरण की गई भूमि का विवरण एवं नकल कॉपी उपलब्ध कराने हेतु, लाल बहादुर यादव निवासी देवगवां तहसील कोतमा जिला अनूपपुर ने आर्थिक सहायता राशि दिलाए जाने हेतु, पशु चिकित्सक एवं पशुपालकगण पशु चिकित्सा क्षेत्र चुहिरी ने पशु चिकित्सालय को अतिक्रमण से बचाने हेतु, अजय कुमार चौधरी निवासी ग्राम इटौर तहसील पुष्पराजगढ़ ने ग्राम पंचायत इटौर में प्रशासकीय भवन का निर्माण हुए बिना राशि का आहरण किए जाने की शिकायत संबंधी आवेदन कमिश्नर सुरभि गुप्ता को दिए है। इसी प्रकार अन्य अवेदकों ने भी अपनी शिकायतें एवं समस्याओं संबंधी आवेदन कमिश्नर को दिए। जिस पर कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवेदन प्रेषित कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### दुष्कर्म के आरोपी राजस्थान से गिरफ्तार



**शहडोल।** जिले के सीधी थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम बरही कछार की गुम शुदा प्रेमिया लोहार पति दान बहादुर उम्र 40 वर्ष के लापता होने की सूचना पर थाना सीधी में गुम इंसान 29 मार्च को कायम किया गया। पता तलाश के दौरान जानकारी प्राप्त होने पर उक्त गुमशुदा को राजस्थान राज्य के जिला छालावाड थाना पीडावा के ग्राम गोविंदपुरा से 01 मई को दस्तयाब किया गया।

# बोर्ड परीक्षाओं में बालिकाओं ने मारी बाजी, आर्टस संकाय का बोलबाला

# मैरिट सूची से गायब हैं नामी-गिरामी स्कूलें, 12 वीं का रिजल्ट 83.63 प्रतिशत

### 10 वीं का परीक्षा फल 83.72 प्रतिशत, बालिकाओं की संख्या अधिक

माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल बोर्ड परीक्षाओं में इस वर्ष (सत्र 2024-25) छात्राओं ने प्रदेश की मैरिट सूची में अग्रणी स्थान हासिल कर अपनी योग्यता का लोहा मनवा दिया। ज्ञातव्य है कि इस वर्ष की 10वीं व 12 वी बोर्ड परीक्षाओं में बालिकाओं की संख्या भी बालकों से अधिक रही।



हरिभूमि न्यूज, शहडोल।

12 वीं बोर्ड परीक्षाओं में इस वर्ष न तो कान्वेट, महर्षि, रघुराज व एमएलबी जैसे बड़े व स्वनामधन्य विद्यालय कहीं मैरिट में नजर आए और न ही मैथ्स के विद्यार्थियों का कहीं पता चला। अलबत्ता ज्ञानोदय विद्यालय की दो बालिकाएं कुमारी हीना देवी आत्मज भम्मू बंजारा कला समूह में 500 में से 488 अंक प्राप्त कर प्रदेश में दूसरा स्थाना प्राप्त किया है। इसी तरह कुमारी सौम्या तिवारी आत्मज शैलेश तिवारी ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शहडोल ने कला संकाय में 500 में से 482 अंक प्राप्त कर प्रदेश की मेरिट सूची में 8वां स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह जीव विज्ञान समूह में कुमार दिशा जसुजा आत्मज अजीत जसुजा टाइम पब्लिक स्कूल टीपीएस शहडोल ने 500 मे से 478 अंक प्राप्त कर प्रदेश की मेरिट सूची में 6वां स्थान प्राप्त किया है। हायर सेकेन्ड्री का परीक्षा परिणाम 83.63 प्रतिशत रहा जो गत वर्ष से 35.63 प्रतिशत अधिक है। शैक्षणिक सत्र 2023-24 में जिले का परीक्षा परिणाम 48 प्रतिशत था।

### अधिक संख्या में उत्तीर्ण हुई छात्राएं

शैक्षणिक सत्र 2024-25 में हायर सेकेन्ड्री परीक्षा हेतु जिले में 8404 नियमित विद्यार्थियों ने परीक्षा हेतु पंजीयन कराया था। जिसमें 3545 लडक़े तथा 4859 लड़कियां शामिल रहीं। परीक्षा में कुल 8375 नियमित छात्र शामिल हुए जिसमें 3527 बालक एवं 4848 बालिकाएं शामिल रहीं। परीक्षा में पास हुए विद्यार्थियों की संख्या 6997 रही। जिसमें 2895 बालक तथा 4102 बालिकाएं शामिल हैं। जिले में 4449 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में 2528 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में तथा 20 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण हुए। इस वर्ष का परिणाम बालिकाओं की योग्यता व उनकी शिक्षा के प्रति बढ़ते लगाव को साबित करता है। जबकि उन्होने छात्रों को इन परीक्षाओं में पीछे छोड़ दिया है। हायर सेकेन्ड्री परीक्षा में लड़कियों का परीक्षा परिणाम 84.61 प्रतिशत रहा। जबकि लडक़ों का परीक्षा परिणाम 82.08 प्रतिशत रहा।

### हाई स्कूल में भी छात्राओं ने डंका बजाया

इस वर्ष केवल हायरसेकण्डरी में ही नहीं हाई स्कूल 10 वीं बोर्ड परीक्षाओं में भी छात्राओं ने जबर्जस्त सफलता हासिल कर स्वयं को अग्रणी साबित कर दिया। सफलता के मंच में इस बार बालिकाएं ही खड़ी नजर आ रहीं हैं। यह बात अवश्य है कि प्रदेश की मैरिट सूची में वैभव कुमार सिंह आत्मज सत्यपाल सिंह सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुढ़ार शहडोल ने 500 में से 492 अंक प्राप्त कर मेरिट सूची में 9वां स्थान प्राप्त किया है। मैरिट सूची में बालिकाएं नहीं पहुंच सकीं। हाई स्कूल परीक्षा में जिले की लड़कियों का परीक्षा परिणाम 83.72 प्रतिशत रहा। जिसमें लडक़ों का परीक्षा परिणाम 82.30 तथा लड़कियों का परीक्षा परिणाम 84.86 प्रतिशत रहा।

### बालकों की संख्या कम रही

जिले में हाई स्कूल परीक्षा में 10118 नियमित छात्रों ने परीक्षा हेतु पंजीयन कराया था। जिसमें 4510 लडक़े तथा 5608 लड़कियां शामिल हैं। परीक्षा में कुल 10058 नियमित छात्र शामिल हुए जिसमें 4476 बालक एवं 5582 बालिकाएं शामिल थी। परीक्षा में पास हुए विद्यार्थियों की संख्या 8421 रही। जिसमें 3684 बालक तथा 4737 बालिका शामिल हैं। जिले में 5302 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में 3043 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में तथा 69 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण हुए।

### शैक्षणिक सत्र में हुए प्रयास

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने बताया कि जिले में हाई स्कूल एवं हायर सेकेन्ड्री के परीक्षा परिणाम को बेहतर बनाने के लिए पूरे शैक्षणिक सत्र में प्रयास किए गए । जिन में स्कूलों का सतत निरीक्षण एवं प्राप्त फीडबैक के अनुसार समस्याओं का निराकरण शिक्षकों के लिए उन्मेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन, समग्र शिक्षा अभियान, सेकेन्ड्री एजुकेशन समय पर प्रश्न बैंक का वितरण तथा जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जिले के युवा अधिकारियों को शालाओं को गोद लेकर बच्चों से जोडऩा, उन्हे शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना एवं प्रतियोगी परीक्षा के लिए तैयार करना एवं हर महीने विषय शिक्षकों का प्रशिक्षण शामिल हैं।

### भारत माता स्कूल के छात्रों ने किया जिले में टॉप

भारत माता हायर सेकेण्डरी स्कूल, पांडवनगर शहडोल के छात्र-छात्राओं ने जिले की मैरिट सूची में अपना नाम दर्ज कराते हुये विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय के वाणिज्य विषय (कामर्स) में राशि परचानी पिता जितेन्द्र परचानी ने 93 प्रतिशत अंक अर्जित कर शहडोल जिले की मैरिट सूची में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार ओम गुप्ता पिता श्री रामसंत गुप्ता ने कृषि संकाय में जिले की मैरिट सूची में प्रथम स्थान प्राप्त किया। गणित संकाय में शिवा सिंह 92 प्रतिशत अंक एवं बॉयलोजी (जीव विज्ञान) संकाय में आयुष निगम ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। आर्ट विषय (कला संकाय) में पलक भारद्वाज ने 90त्न अंक अर्जित किये। इस प्रकार विद्यालय के कक्षा-12 वीं में कुल 60 छात्रों ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर प्राचार्य किशोर श्रीवास्तव ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### अदिति ने विद्यालय का बढ़ाया गौरव



शहडोल। माइंड्स आई इंटरनेशनल हाई स्कूल के विद्यार्थियों ने एमपी बोर्ड कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस वर्ष विद्यालय का शत-प्रतिशत परिणाम रहा, जिसमें सभी छात्र प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। विद्यालय की छात्रा अदिति गुप्ता ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में टॉप किया। वहीं अपूर्व लारिया ने भी 88.9 प्रतिशत अंक अर्जित कर श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। अदिति गुप्ता ने बिना किसी ट्यूशन के केवल अपनी मेहनत और विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह उपलब्धि हासिल की, जिस पर विद्यालय परिवार को गर्व है। विद्यालय के प्राचार्य अभय कुमार बियानी एवं समस्त स्टाफ ने सभी छात्रों को शुभकामनाएं दीं और विशेष रूप से अदिति की मेहनत व समर्पण की सराहना की। प्राचार्य ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और शिक्षकों की लगन का परिणाम है। विद्यालय ने भविष्य में भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य करते रहने का संकल्प लिया है।

# शहडोल शहर को बनाये थैलेसीमिया मुक्त : डॉ. चतुर्वेदी

हरिभूमि न्यूज, शहडोल।



विश्व थैलेसीमिया दिवस के अवसर अध्यक्ष डॉ. टी. एन. चतुर्वेदी ने बताया कि हम सब एकजुट होकर यह संकल्प लें कि थैलेसीमिया जैसी गंभीर अनुवांशिक बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाएँ और शहडोल को थैलेसीमिया मुक्त शहर बनाएं। डॉ. चतुर्वेदी ने बताया कि थैलेसीमिया एक ऐसा रक्त रोग है, जिसका कोई स्थायी इलाज नहीं है, लेकिन इससे बचाव मुमकिन है,अगर समय रहते जाँच और विवाह पूर्व परीक्षण करवा लिया जाए। जो मासूम बच्चे इस रोग से पीड़ित हैं, उन्हें हर 15 दिन में एक यूनिट रक्त की आवश्यकता होती है। आपका एक यूनिट रक्त किसी की 15 दिन की जिंदगी बन सकता है। आज आयोजित प्रेस वार्ता में थैलेसीमिया के लक्षण, बचाव, और उपचार संबंधी कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों ने बताया कि 8 मई को होने वाली जन-जागरूकता रैली और रक्तदान शिविर की जानकारी भी साझा की गई।

8 मई से जन-जागरूकता रैली शाम 5 बजे जयस्तंभ से गांधी चौक तक निकाली जायेगी, थैलेसीमिया के खिलाफ एकजुटता का प्रदर्शन के साथ रक्तदान शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक जिला अस्पताल, रक्तकोष (ब्लड बैंक) में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए रक्तदान किया जायेगा। प्रेसवार्ता के दौरान रमीत सिंह ने कहा कि इस मानवीय कार्य में बढ़-चढक़र भाग लें और एक नई पीढ़ी को थैलेसीमिया से सुरक्षित रखें।

कार्यक्रम में डॉ. टी. एन. चतुर्वेदी अध्यक्ष, डॉ. अशोक जैन उपाध्यक्ष व संरक्षक, डॉ. सुनील हथगले सचिव, डॉ. सत्येश विष्णुदासानी कोषाध्यक्ष, डॉ. राजेंद्र सिंह, डॉ. उमेश नामदेव संरक्षक डॉ. सुधा नामदेव संयोजक, थैलेसीमिया सोसायटी, रूपाली सिंगई अध्यक्ष, दिशा वेलफेयर एसोसिएशन, राजेश्वर उदानिया संरक्षक सदस्य, सांझी रसोई, राजेश मोटवानी अध्यक्ष सांझी रसोई, संजीत सोनी मीडिया प्रभारी सांझी रसोई, सुशील खोडिय़ार अध्यक्ष रोटरी क्लब विराट शहडोल एवं रमीत सिंह, सांझी रसोई मौजूद रहे।

# सीनियर सिटीजन एसोशिएशन की बैठक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज, शहडोल।



सीनियर सिटीजन एसोशिएशन की मासिक बैठक होटल लेबिल वन में एम. एल. मंत्री की अध्यक्षता में एवं श्री दीपक ढोडी के सौजन्य से संपन्न हुई। बैठक का प्रारंभ भगवान हनुमान जी की आरती के गायन के साथ प्रारंभ हुई, सर्वप्रथम बैठक में कश्मीर के पहलगांव की घटना पर भर्तत्सना करते हुए सरकार से अपील की गई की दोषियो को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। 17 मई शनिवार को बाजार के दिन ग्रामीण पुरुष महिला एवं बच्चों को मुफ्त चप्पल बांटने का कार्यक्रम निश्चित किया गया है।

आगामी जुलाई माह में मेधावी छात्रों का सम्मानार्थ कार्यक्रम आयोजीत करने का निश्चय किया गया हैं, जिसमें विद्यार्थियो का सम्मान एवं फुटबॉल खिलाडिय़ों को फुटबॉल ड्रेस आदि का वितरण किया जाएगा। सम्मान समारोह कार्यक्रम प्रतिवर्षानुसार कमिश्नर एवं आईजी की उपस्थिति में आयोजित किया जाएगा।

बैठक में यूटीआई संस्था के अधिकारी श्री सूमोजित दास ने भाग लिया सीनियर सिटीजन परिवार के वरिष्ठ सदस्य महेश अग्रवाल द्वारा सुमोजित दास का गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। सुमोजित दास नें नई स्कीम मल्टी विटामिन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक में एम.एल. मंत्री, महेश अग्रवाल, मृत्युजय सिंह, जी.डी. आहूजा, जे.पी. केजरीवाल, राधेश्याम शुक्ला, एस. के. सिंह परमार, राजकुमार सिंह, योगेश अग्रवाल, डॉ. पवन मुदडा, सुहाष वासुदेव, दीपक ढोडी, अनंत कुमार मोहंती, हरीश सलूजा, तेज बलीं सिंह, डॉ. गौरी शंकर, कमल मूंदड़ा, राजेन्द्र अग्रवाल, अरुण अग्रवाल, महेन्द्र बियानी, एवं सुरेन्द्र अग्रवाल उपस्थित हुए।

# राष्ट्रीय ऑनलाईन सायबर ठगी नेटवर्क का खुलासा फर्जी खाते खोलने वाले रैकेट का खुलासा



**शहडोल।** 16 अप्रैल को कैफे संचालक हिरेन्द्र विश्वकर्मा पिता एवं उसका पार्टनर अभिषेक पनिका थाना बुढार मे उपस्थित आकर रिपोर्ट किया कि दो व्यक्ति आदित्य मिश्रा एवं ऋषि चौधरी दुकान मे गूगल पे का एजेंट बताकर स्कैनर लगाने का बोलकर उसके फिंगर प्रिंट एवं आधार कार्ड एवं पेन कार्ड की फोटो खींचकर ले गये और उसके बाद नही आयेए तब संदेह हुआ थो आनलाईन कियोस्क मे जाकर फिंगर प्रिंट के माध्यम से चेक किये तो मालूम चला कि छैक्स आनलाईन पेमेंट बैंक एवं फीनो बैंक मे हम दोनो का खाता खुला है। जिसपर सायवर फ्राड हो जाने के अंदेशा पर थाना बुढार मे रिपोर्ट करने आये जिस पर थाना बुढार मे धारा 318(4), 319, 336(3), 340 (2) बीएनएस एवं 66 (सी), 66 (डी) आईटी का कायम कर विवेचना मे लिया गया। विवेचना के दौरान 17 अप्रैल को आरोपी आदित्य मिश्रा को गिरफ्तार कर पूछताछ की गयी तो मालूम चला कि टेलीग्राम के माध्यम से कुछ अंजान लोगो के संपर्क मे आया जिनके द्वारा टेलीग्राम मे बैंक खातों की मांग की गयी, जिसके बदले मे प्रत्येक खाते का दो से दस हजार रुपये तक देने को बोला गया। इस तरह लालच मे आकर आदित्य मिश्रा मे गांव के भोले भाले लोगो को बायोमैट्रिक मशीन मे अंगूठा लगाने पर पैसे देने का लालच देकर उनके आधार कार्ड एवं पैन कार्ड की फोटो लेकर बायोमैट्रिक फिंगर प्रिंट मशीन मे फिंगर प्रिंट लगाकर उनके बिना जानकारी व अनुमति के विभिन्न आनलाईन पैमेंट बैंक जैसे छैक्स पेमेंट बैंकए फिनो बैंक मे खाते खोले गएए और मोबाइल नंबर टेलीग्राम से जुडे व्यक्ति विभिन्न युजर आईडी अथवा मोबाईल नंबर के नाम पर थे द्वारा दिये गये मोबाइल नंबर जोड दिये जाते थेए ताकि उक्त खातों का संचालन फ्राडस्टर कर सकें ।

दूसरे आरोपी ऋषि चौधरी को 27 अप्रैल को गिरफ्तार और पुलिस रिमांड लिया गयाए उसके द्वारा बताया गया कि जो भी खाते इस तरह के खोलते थे वे सभी खाते चंदन पडित उर्फ दीपक निवासी बरगंवा थाना चचाई जिला अनूपपुर को देता था, उसी के बताये अनुसार मोबाइल नंबर जोडता था, इसके द्वारा करीबन सौ से डेढ सौ खाते विभिन्न बैंको एवं आन लाईन पेमेंट बैंको मे खोले गये थे।

चंदन पंडित उर्फ दीपक की गिरफ्तारी कर पुलिस रिमांड में पूछताछ की गयी तो उसने बताया कि ऋषि चौधरी एवं रोहित चौधरी के माध्यम से ऐसे खाते प्राप्त करता था, जो कि इन सभी खातो को मोबाइल नंबर के टेलीग्राम आईडी के माध्यम से जानकारी भेज चुका है। ऋषि के माध्यम से बैंक कर्मचारियों के साथ मिलकर पूर्व से एक्टिवेटेड सिम एजेंट से प्राप्त कर कोटक महेन्द्रा बैंक एवं एक्सिस बैंक में खाते खुलवाए गये । विवेचना में पाया गया कि एक्सिस बैंक के असिस्टेंट मैनेजर विकास साहू फर्जी एकाउंट खोलवाने में मदद करता था एवं बैंकिंग सिस्टम का दुरुपयोग कर रैकेट को सुविधा प्रदाय करता था जिस पर आरोपी विकास साहू को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया ।

इस तरह अब तक की विवेचना मे उक्त रैकेट द्वारा गांव के भोले भाले या भोले भाले व्यवसायियो को पैसो का लालच देकर अथवा स्कैनर लगाने के नाम अथवा मर्चेंट आईडी बनाने के नाम पर खाते खोल कर ऑनलाईन ठगो को दिये गये जो कि अब तक शहडोल पुलिस द्वारा ऐसे सैकडों म्यूल एकाउंट पेमेंट बैंक, फिनो बैंक, कोटक महेन्द्रा बैंक, एक्सिस बैंक, एयरटेल पेमेंट बैंक, इंडियन पोस्ट पेमेंट बैंक मे उक्त आरोपियों द्वारा खोले गये हैं, जिनमे से अब तक विवेचना के दौरान शहडोल पुलिस द्वारा 160 म्यूल एकाउंट को फ्रीज कराया जा चुका है, जो कि अभी लगातार ऐसे म्यूल एकाउंट फ्रीज कराये जा रहे हैं। जिससे ऐसे सायवर अपराधी उक्त म्यूल एकाउंट का उपयोग सायवर अपराध मे न कर सकें। इस तरह उक्त गिरोह से पूछताछ के आधार पर राष्ट्रीय नेटवर्क का खुलासा हुआ है । पुलिस के जांच में सामने आया है कि देश के कई अन्य शहरो से भी इन फर्जी एकाउंट में ठगी का रकम ट्रांसफर हुई है यहा तक कि कई खातो में माता एवं पिता का नाम समान है एवं अधिकांश ट्रांजेक्शन के माध्यम से अथवा कैस में निकाले गये है जिसकी एकाउंट होल्डर को आज तक कोई भनक तक नही थी, अधिकांश खातो में 10 लाख से ऊपर का ट्रांजेक्शन हुआ है कई खातो में तो 50 लाख से ऊपर तक का ट्रांजेक्शन हुआ है । कई राज्यो कि पुलिस एवं एनसीआपी पोर्टल से संपर्क करने पर पता चला कि उक्त खातो में डिजिटल ऑरेस्ट एवं सायबर ठगी के पैसे इन खातो में आये है । प्रकरण संगठित अपराध का पाये जाने से प्रकरण मे धारा 111(2)(ख) बीएनएस की वृद्धी की गयी है ।

प्रकरण में ऐसे समस्त म्युल एकाउंट के ट्रांजेक्शन की जानकारी संबंधित बैंको से प्राप्त की जा रही हैएजिनके प्रत्येक ट्रांजेक्शन से बारीकी से छानबीन जारी है अब तक की विवेचना में पुलिस को प्राप्त उक्त फर्जी खातो ध्म्युल एकाउंट में 50 करोड़ से अधिक का ट्रांजेक्शन मिले है जिनके देश के कई राज्यो से पैसे आने एवं निकालने का मामला सामने आया है इन खातो में आये पैसे तुंरत निकाल भी लिये गये है इन खातो के जरिये देश भर से ठगी का पैसा लगातार ट्रांसफर हो रहा था। शहडोल पुलिस की अपील है कि जिनके भी ऐसे खाते खुले है या खुलवाये गये है तत्काल संबंधित थाने या सायबर सेल शहडोल या पुलिस अधीक्षक कार्यालय शहडोल को सूचित करें ताकि ऐसे खातो का उपयोग सायबर ठगी में ना हो सके और आप सायबर ठगी से सुरक्षित हो सके ।

सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी बुढार संजय जयसवाल के नेतृत्व में सहायक उपनिरीक्षक हरिकिशोर, प्रधान आरक्षक शंकर,भागवत प्रसाद, आरक्षक गोपाल, अक्षय अहिरवार, राजकुमार, लखन पाटले महिला आरक्षक श्रुति सिंह की भूमिका रही।

# साहब...अब तक नहीं मिली विवाह प्रोत्साहन राशि

शहडोल।



कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं व शिकायतें सुनी तथा निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में जिले के ब्यौहारी के वार्ड नं 15 निवासी मृगेंद्र सेन ने आवेदन देकर कलेक्टर को बताया कि 22 जनवरी 2025 जिला विवाह अधिकारी के समक्ष पुष्पांजली सिंह गोड़ के साथ विवाह किया था जिसका विवाह प्रमाण पत्र क्र-02/2025 है। जिसकी विवाह प्रोत्साहन राशि अभी तक नही मिली है। उनका कहना था कि मुझे विवाह प्रोत्साहन की राशि दिलाई जाए। जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी की ओर आवेदन प्रेषित कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई में ब्यौहारी तहसील के ग्राम घोरसा निवासी राजेंद्र प्रसाद द्विवेदी ने आवेदन देकर बताया कि मुझे टीवी रोग है जिसके उपचार के लिए पैसे नही है। उनका कहना था कि मुझे टीवी रोग के उपचार के लिए आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जाए जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी की ओर आवेदन प्रेषित कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में संभागीय मुख्यालय शहडोल के वार्ड नं. 14 निवासी प्रकाश गुप्ता ने आवेदन देकर बताया कि वार्ड नंबर 14 दुर्गा कालोनी में पुरानी नाली के ऊपर रोड बन जाने के कारण पानी निकासी नहीं हो पा रही है, बरसात का पानी तालाब में जाने का कोई रास्ता न होने के कारण पानी सडक़ पर भरा रहता है और आने जाने वालो को कठिनाई होती है, रोज स्कूल जाने वाले बच्चे गिर जाते है। नाली न होने के कारण बरसात का पूरा पानी घर में घुस जाता है और कालोनी के लोगो को आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। उनका कहना था कि वार्ड नंबर 14 दुर्गा कालोनी में नाली निर्माण कराई जाए, जिससे कालोनी वालो को आने जाने में सुविधा मिल सके। जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी की ओर आवेदन प्रेषित कर आवष्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार कलेक्टर ने जन सुनवाई में अन्य आवेदनों की भी सुनवाई की तथा संबंधित अधिकारियों की ओर आवेदन प्रेषित कर निराकरण के निर्देश दिए।




## खबर संक्षेप

### जिला प्रभारी मंत्री का आज का भ्रमण कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज उमरिया।** प्रदेश के अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री तथा जिला प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान 7 मई को एक दिवसीय भ्रमण पर उमरिया आएंगे । श्री चौहान 7 मई को इंदौर बिलासपुर एक्सप्रेस से प्रातः 8.30 बजे उमरिया रेल्वे स्टेशन पहुंचेगे तत्पश्चात सर्किट हाउस के लिए रवाना होगे । प्रातरू 10.30 बजे जिला पंचायत सभागार में आयोजित बैठक में भाग लेगे। जिला प्रभारी मंत्री जिला मुख्यालय उमरिया स्थित कॉलरी स्कूल परिसर में दोपहर 12.30 बजे मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल होगे। दोपहर 3 बजे जल गंगा संवर्धन के तहत आयोजित बोरी बंधान कार्यक्रम में भाग लेंगे। कार्यक्रम के भाग लेने के पश्चात उमरिया सर्किट हाउस पहुंचेंगे।

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह सम्मेलन आज

**हरिभूमि न्यूज उमरिया।** प्रदेश के अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री तथा जिला प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में कॉलरी स्कूल परिसर उमरिया में 7 मई को मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना के तहत सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया है । कार्यक्रम की अध्यक्षता शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती हिमांद्री सिंह करेंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक मानपुर सुश्री मीना सिंह, विधायक बांधवगढ शिवनारायण सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष अनुजा पटेल उपस्थित रहेंगी ।

### मेंटीनेंस कार्य हेतु बिजली आपूर्ति 8 मई को बंद रहेगी

हरिभूमि न्यूज उमरिया। कार्यपालन अभियंता संचा, संधा म प्र पू क्षे वि कं लि ने बताया कि 132 केव्ही उप केंद्र उमरिया में 132/33 केव्ही 50 एमव्हीए ट्रांसफार्मर आई/सी 2 33 केव्ही साइड के वाय फेज कंडक्टर को बदलने एवं मेन बस में अन्य मेंटीनेंस कर्य हेतु बिजली आपूर्ति 8 मई को प्रातः 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक बंद रहेगी । उन्होंने बताया कि बिजली आपूर्ति बंद रहने के दौरान चंदिया उपकेंद्र , पथरहठा उपकेंद्र, अखड़ार उपकेंद्र, कौडिया उपकेंद्र, कुदरा उपकेंद्र से निकलने वाले सभी 11 केव्ही फीडर से संबंधित समस्त ग्राम प्रभावित होगे। इसी तरह उमरिया उपकेन्द्र से निकलने वाले 11 केव्ही लोढ़ा, बरबसपुर फीडर से संबंधित समस्त ग्राम प्रभावित होंगे । इसी प्रकार रीवा रोड हास्पिटल स्टेशन रोड 11 केव्ही लाईन आंशिक रूप से चालू रहेगी। आवश्यकतानुसार समयावधि घटाई एवं बढ़ाई जा सकती है। उपभोक्ताओ से वैकल्पिक व्यवस्था के साथ ही सहयोग की अपेक्षा की गई है।

### कांग्रेस 9 मई को करेगी संविधान बचाओ आंदोलन

**हरिभूमि न्यूज कटनी।** जिला कांग्रेस सेवादल कटनी की उक्त आंदोलन की भूमिका और नीति निर्धारित करने के लिए प्रभारी विवेक पांडेय गोल्डन द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रभारी विवेक पांडेय गोल्डन ने संविधान की मूल भावना को अवगत कराते हुए बताया कि संविधान भारत देश की आत्मा है जिसमें शामिल मूल अधिकारों और नीति निर्धारक नियमों के आधार पर सैकड़ों वर्षों से भारत देश प्रगति कर रहा है और आज संविधान को बदलने की कोशिश की जा रही है। जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष पंकज गौतम ने प्रभारी को आश्वस्त कराया कि संविधान बचाओ अभियान में सेवादल के सदस्यों द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया जाएगा। बैठक में प्रभारी विवेक पांडेय गोल्डन, पंकज गौतम, आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### चलती ट्रेन में बदमाशों ने की मारपीट व लूटपाट

**हरिभूमि न्यूज कटनी।** पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर रेल मंडल के बांदकपुर-कटनी मुड़वारा के बीच बदमाशों ने चलती ट्रेन में जमकर उत्पात मचाया और यात्रियों के साथ लूटपाट और मारपीट की। इस घटना में आधा दर्जन यात्रियों के घायल होने की खबर है, जिन्हें बीती देर रात कटनी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना की जानकारी लगते ही रेलवे सुरक्षा बल (आरपीफ) और शासकीय रेल पुलिस (जीआरपी) में हड़कंप मच गया।

---

### हाई स्कूल का 72.27 तथा हायर सेकेण्डरी का 68.44 प्रतिशत रहा

# हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी का बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज उमरिया। माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल व्दारा मंगलवार की सुबह हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है । जिले में हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम 72.27 प्रतिशत तथा हायर सेकेण्डरी का परीक्षा परिणाम 68.44 प्रतिशत रहा । पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष हाई स्कूल के परीक्षा परिणाम में 24.53 प्रतिषत तथा हायर सेकेण्डरी के परीक्षा परिणाम में 19.49 प्रतिषत वृध्दि हुई है।



#### उज्जवल भविष्य की कामना

हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल की टॉप 10 की लिस्ट भी जारी की गई है, जिसमें जिले से दो छात्रों ने प्रदेश की मेरिट सूची में स्थान बनाया है । कक्षा 10 वीं के छात्र सौरभ पांडे आत्मज मोहन राम पांडे नवज्योति अकादमी उ.मा.वि., मानपुर उमरिया ने मध्यप्रदेश में 8वां स्थान अर्जित किया है वहीं कक्षा 10वीं की छात्रा कु. शिवि गुप्ता आत्मज विजय कुमार गुप्ता सरस्वती उ.मा.वि., चंदिया उमरिया ने प्रदेश में 9वां स्थान हासिल किया है। सौरभ पांडेय एवं शिवि गुप्ता की इस सफलता पर कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, अपर कलेक्टर शिव गोविंद सिंह मरकाम ने शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है ।

#### शिवि गुप्ता ने 492 अंक किये अर्जित

चंदिया तहसील निवासी शिवि गुप्ता पिता विजय गुप्ता ने बताया कि पिता इलेक्ट्रानिक की दुकान चलाते है । माता गृहिणी है। मैंने अपनी पढ़ाई सरस्वती स्कूल चंदिया से की है।इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए प्रतिदिन 5 से 6 घंटे पढ़ाई करती थी। गुरूजनों व्दारा जो शिक्षा स्कूल में दी जाती थी, उसका नियमित रूप से अभ्यास किया।जो प्रश्न समझ में नही आते थे, उसे गुरूजनों से पूछकर हल किया।इसके साथ ही माता पिता का भी समय समय पर सहयोग मिलता रहा।जिसका परिणाम रहा कि प्रदेश की प्रवीण्य सूची में नौवा स्थान प्राप्त हुआ है। शिवि गुप्ता ने 492 अंक अर्जित कर प्रदेश की प्रवीण्य सूची में नौवां स्थान अर्जित किया है। उन्होने अन्य छात्र-छात्राओं को सलाह दी है कि जीवन में सफल होने के लिए शिक्षा का हमारे जीवन मे बहुत महत्व है, इसलिए आवश्यक है कि मन लगाकर शिक्षा अर्जित करें और गृह, जिला व प्रदेश का नाम रोशन करें ।



उन्होने बताया कि वे जेईई की तैयारी करके इंजीनियरिंग में जाना चाहती है । शिवि की इस सफलता से चंदिया नगर ही नही बल्कि उमरिया जिला भी गौरांवित हुआ है । शिवि ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरूजनों,माता पिता, ईष्ट मित्रों को दिया है ।

#### सौरभ ने रचा कीर्तिमान

हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में इस बार जिले ने भी प्रदेश भर में परचम लहराया है। इस बार के परिणाम में मानपुर, बडख़ेरा के मेधावी छात्र सौरभ पाण्डेय ने 98.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर नया कीर्तिमान रचा है। अपनी लगन और मेहनत से सौरभ ने 500 में 493 अंक प्राप्त कर प्रदेश में 8 वां स्थान एवं जिले में पहला स्थान अर्जित किया है। सौरभ मानपुर नव ज्योति हायर सेकेण्डरी स्कूल में अध्यनरत हैं, जिनके पिता मोहनराम पाण्डेय पेशे से किसान हैं और बडख़ेरा गांव में रहकर खेती किसानी करते हैं, उनकी मां श्रीमती संगीता पाण्डेय गृहणी हैं। इस उपलब्धि पर सौरभ ने बताया कि वह स्कूल के अलावा घर में ही कड़ी मेहनत से पढ़ाई करते थे और रात का समय सबसे अच्छा होता है जब कोई समस्या या शोरगुल नहीं होता है, उनकी इस उपलब्धि पर जिले के गणमान्य नागरिकों, ईष्ट मित्रों और परिवार जनों सहित स्कूल प्रबंधन ने बधाई प्रेषित की है।

---

## अपर कलेक्टर ने सुनी आवेदकों की समस्यायें



**हरिभूमि न्यूज उमरिया।** अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम ने जिले के दूर दराज से आए लोगों की समस्याओं को सुना तथा प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभागीय अधिकारी को प्रेषित कर उनका निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में रामकुमार बैगा ने ग्राम पंचायत मझखेता के अंतर्गत स्थित ग्राम मढउ के बैगान मोहल्ला में रोड का निर्माण कार्य पूर्ण करानें, दीन दयाल जायसवाल नौरोजाबाद ने गाड़ी का भाड़ा दिलाने, मीनांक्षी व्दिवेदी ग्राम पंचायत मलियागुड़ा ने समग्र आईडी में पिता का नाम जुड़वाने, रामधनी सिंह मरदरी ने कूप निर्माण कार्य का टीएस कराने, धीरेन्द्र लोनी ग्राम हर्रवाह ने रजिस्ट्री, नामांतरण कराने के नाम पर पटवारी व्दारा 10 हजार रूपये मांगने, भागीरथी सिंह , कृष्ण पाल , गुलबदन , सरमन, अशोक ग्राम माली ने जले ट्रांसफार्मर को बदलवाने, नजबुन निशा वार्ड नंबर 4 मोहनपुरी ने आराजी भूमि ग्राम लालपुर का सीमांकन कराने संबंधी आवेदन दिया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले, सीईओ जनपद पंचायत करकेली हरनीत कौर कलसी सहित जिले के प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

### प्रधानमंत्री उज्जवला योजना अंतर्गत पंजीकृत हितग्राही 31 मई तक ईकेवायसी कराएं

**हरिभूमि न्यूज उमरिया।** प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अंतर्गत रसोई ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चत कराने हेतु भारत सरकार की प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अंतर्गत निरूशुल्क एलपीजी गैस कनेक्शन उपलब्ध कराये गये हैं । विगत कुछ वर्षों में ऐसा देखने में आया है कि कुछ हितग्राहियों द्वारा गैस कनेक्शन लाभ प्राप्त करने के उपरांत एक भी एलपीजी रिफिल गैस का उठाव नहीं किया गया है जिससे उपरोक्त योजना के उद्देश्य का लाभ उन तक नहीं पहुंच पा रहा है ।जिला आपूर्ति अधिकारी बीएस परिहार ने बताया कि उमरिया जिले के प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के सभी हितग्राहियों को ढूंढ कर उनकी ईकेवायसी करवा कर उनको योजना के लाभ सतत रूप से पहुंचाने हेतु सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कम्पनियों के एलपीजी वितरकों द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं । प्रधानमंत्री उज्जवला योजना अंतर्गत पंजीकृत हितग्राहियों की शत-प्रतिशत ईकेवायसी कराया जाना है । प्रधानमंत्री उज्जवला योजना अंतर्गत पंजीकृत हितग्राहियों से अपील है कि संबंधित गैस एजेंन्सी मे संपर्क कर अपना ईकेवायसी कराकर शासन की महत्वाकाक्षी योजना के लाभार्थियों को योजना का लाभ मिलता रहे ।



## ग्राम पंचायत हथपुरा में चलाया स्वच्छता अभियान

**हरिभूमि न्यूज उमरिया।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जिला समन्वयक रविन्द्र शुक्ला , ब्लॉक समन्वयक पुष्पा तेकाम के मार्गदर्शन में सेक्टर क्रमांक 04 आदर्श ग्राम पंचायत हथपुरा में जन अभियान परिषद विकासखंड पाली के द्वारा जल स्त्रोतों के संरक्षण का कार्य किया गया। जिसमे कुआं ,बावली,जल स्त्रोतों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जल गंगा संवर्धन श्रमदान अभियान में ग्राम हथपुरा में कुएं की सफाई की गई जिसमें गांव के सरपंच एवं सभी बड़े बुजुर्गों ने बढ़ चढक़र हिस्सा लिया। श्रमदान अभियान में परामर्शदाता कौशलेश कुमार सूर्यवंशी, ब्डब्स्क्च छात्र / छात्राएं प्रियंका सिंह पुष्प लता सिंह एवं गणपत सिंह ने स्वच्छता कार्य निरंतर चलाकर सभी ने कुआं, बावली ,तालाब एवं विभिन्न जल स्त्रोतों को स्वच्छ करने का संकल्प लिया गया।

---

## चित्रकला के माध्यम से जल संरक्षण का दिया संदेश

### जल जल संरक्षण हेतु जनमानस की अपील

**हरिभूमि न्यूज उमरिया।** ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में खेलकूद के साथ पर्यावरण व जल संरक्षण की दिशा में भी बच्चों को उत्साहित किया जा रहा है। बिरसिंहपुर पाली के मा बिरासिनी क्रिकेट स्टेडियम में समर कैंप का आयोजन कर नगर के विभिन्न वार्डों के बच्चों को खेलकूद के साथ ही साथ पर्यावरण ,जल संरक्षण, बाल विवाह, यातायात नियम आदि विषयों के विषय में भी जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में कैंप में भाग लिए हुए बच्चों ने जल गंगा संवर्धन अभियान के प्रति उत्साह दिखाते हुए चित्रकला के माध्यम से अभियान का संदेश व जल संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने का कार्य किया। कैंप संयोजक हिमांशु तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि समर कैंप में खेलकूद व्यायाम के साथ जल गंगा संवर्धन अभियान, पर्यावरण संरक्षण की भी जानकारी प्रदान की जा रही है।उन्होंने आगे कहा कि वर्षा की हर बूंद को संरक्षित करने तथा जल गंगा संवर्धन अभियान को बढ़ावा देने हेतु आमजनों को इस जागरूकता अभियान के माध्यम से प्रेरित किया जा रहा है।जल पर हमारी आगामी आने वाली पीढिय़ों का भी अधिकार है। इसलिए हम लोग इसे बर्बाद नहीं कर सकते। पानी का संकट भारत के लिए खतरे की घंटी है। समय रहते हम सभी को चेतना ही होगा। लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने से इस समस्या का समाधान हो सकता है। इस दौरान कैंप संयोजक हिमांशु तिवारी, शिखा बर्बन, मुस्कान महोबिया, वैष्णवी बर्मन, लक्ष्मी महोबिया, संजीवनी पटेल, आरुष शिवहरे, रूद्र प्रधान, अतिव्य रजक, आस्था सिंह तोमर, श्रेयांश गौतम, माही पटेल, वैष्णवी गुप्ता, नेहा सिंह ,पलक सिंह व सभी उपस्थित रहे।




## शासकीय प्रशिक्षण संस्थाओं में प्रवेश हेतु अवसर

**हरिभूमि न्यूज उमरिया।** नोडल प्राचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाएं ने बताया कि जिले में संचालित समस्त शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं आईटीआई सत्र 2025-26 के लिए एमपी आनलाइन के अधिकृत कियोस्क, स्वयं द्वारा के माध्यम से संस्थाओं में निर्धारित सीटो के विरूध्द 31 मई तक आवेदन किए जा सकते है। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक पंजीयन, चाइस फिलिंग कर शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में प्रवेश हेतु अवसर प्राप्त कर सकते है । उन्होंने बताया कि आईटीआई उमरिया में कोपा 48 सीट, आईटीआई कोहका में 48 सीट एनसीव्हीटी , आईटीआई पाली में 24 सीट एससीव्हीटी, आईटीआई उमरिया में फिटर की 20 तथा आईटीआई कोहका में 20 सीट एनसीव्हीटी, आईटीआई उमरिया में वेल्डर की 40 सीट तथा आईटीआई कोहका में 40 सीट एनसीव्हीटी , आईटीआई पाली में 20 एससीव्हीटी, आईटीआई उमरिया में स्टेनो हिंदी की 24 सीट एनसीव्हीटी तथा आईटीआई चंदिया में एससीव्हीटी, आईटीआई उमरिया में ड्राप्टमैन मेकेनिक में 24 सीट एनसीव्हीटी, स्विंग टेक्नोलाजी सिलाई में 20 सीट एनसीव्हीटी तथा आईटीआई कोहका में मेकेनिक रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशन 24 एनसीव्हीटी सीटों की संख्या है ।

---



## मार्कंडेय आश्रम में 9 दिनी श्री रुद्र महायज्ञ व नर्मदा पुराण कथा शुरु

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** पावन पवित्र नगरी अमरकंटक के प्राचीनतम मार्कंडेय आश्रम में 4 मई 25 दिन दिन रविवार वैशाख शुक्ल पक्ष गंगा सप्तमी पुण्य नक्षत्र से 12 मई 25 दिन सोमवार वैशाख पूर्णिमा स्वाति नक्षत्र तक 9 दिनों का श्री रुद्र महायज्ञ एवं नर्मदा पुराण कथा का आयोजन ब्रह्मलीन जगतगुरु पूज्यपद द्विपीठाधीश्वर स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज की अनुकंपा प्रेरणा आशीर्वाद से तथा पंच अग्नि पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर ब्रह्मर्षि श्री राम कृष्णानंद महाराज जीके संरक्षण एवं कृपा से उक्त धार्मिक महायज्ञ एवं कथा का आयोजन किया जा रहा है। मार्कंडेय आश्रम के मंडप हाल में कथा व्यास आचार्य पंडित रामनरेश शास्त्री के द्वारा श्री नर्मदा महापुराण की कथा की जा रही है। उल्लेखनीय है कि श्री रूद्र महायज्ञ एवं नर्मदा महापुराण कथा के तृतीय वर्ष का आयोजन श्री मां नर्मदा सेवा समिति जिला मुंगेली कवर्धा छत्तीसगढ़ के द्वारा उक्त धार्मिक आयोजन किया जा रहा है प्रत्येक दिवस प्रातः काल 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक यज्ञ होगा तथा प्रत्येक दिवस संध्याकाल 5 बजे से 7 बजे तक मां नर्मदा जी के पुराण कथा होगी । इस पावन अवसर पर साधु महात्माओ तथा कन्या भोजन भंडारा भोग प्रसादी होगी। इस महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन के प्रथम दिवस मार्कंडेय आश्रम से विशाल शोभा यात्रा पुरुषों एवं महिलाओं ने ढोल नगाड़े एवं कलश के साथ नर्मदा मंदिर तक निकल गई इस अवसर पर कलश पूजन अर्चन किया गया।

## सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत, एक घायल

हरिभूमि न्यूज कटनी

मोटरसाइकिल से बारात में शामिल होने जा रहे तीन युवकों को चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी। घटना इतनी भयानक थी कि मौके पर दो युवकों की मौत हो गई जबकि एक युवक घायल है। घटना ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के झिन्ना पिपरिया की हैं। पुलिस प्रकरण दर्ज कर मामले की विवेचना में जुटी है।

जानकारी के मुताबिक दशरमन निवासी रोहित पिता छोटू लाल कोल (19) बघराजी निवासी अंकित पिता अशोक कोल(25) और दशरमन कवि पिता कढोरी कोल (20) तीनों बीती रात को एक ही मोटरसाइकिल से खाम्हा परसेल से भमका की तरफ बारात में जा रहे थे। झिंन्ना पिपरिया में चंडी माता मंदिर के पास मोटरसाइकिल रोककर तीनों रुके। कवि मोटरसाइकिल से नीचे उतरा जबकि रोहित और अंकित दोनों मोटरसाइकिल पर बैठे रहे। इसी दौरान पीछे से एक चार पहिया कार ने सड़क किनारे खड़ी मोटरसाइकिल पर टक्कर मार दी।टक्कर इतनी भयानक थी कि मोटरसाइकिल पर बैठे दोनों युवक उचटकर आगे की तरफ लगे बिजली खम्भे से जा टकराए। वहीं कवि को भी चोटें पहुचीं। तीनों को उमरियापान अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहाँ पर डॉक्टर ने रोहित और अंकित को मृत बता दिया। जबकि कवि का उपचार जारी है। पुलिस ने उमरियापान अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

### बैठक में अमले को अधिक से अधिक राजस्व वसूली के दिए निर्देश

# 10 मई को पांच स्थलों में आयोजित होगी नेशनल लोक अदालत

हरिभूमि न्यूज कटनी

नागरिकों के बकाया निगम करों को जमा करने हेतु शनिवार 10 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत को सफल बनाए जाने तथा पक्षकारों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी और निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर सोमवार को राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक द्वारा निगम के राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया।



#### यहां आयोजित होगी लोक अदालत

बैठक में नेशनल लोक अदालत के दौरान नागरिकों को निगम करों को जमा करने की सुविधा हेतु विभिन्न पांच स्थलों नगर निगम कार्यालय, बस स्टेंड पुलिस चैकी के पास, दुर्गा चैक खिरहनी, माधवनगर उपकार्यालय एवं सुभाष चैक में बनाए जाने वाले काउंटर एवं उनमें कराई जानें वाली व्यवस्थाओं सहित लोक अदालत के दौरान प्रदान की जाने वाली छूट की जानकारी उपस्थित राजस्व अमले को दी गई। अधिक से अधिक नागरिक लोक अदालत का लाभ उठा सके इस हेतु वार्डवासियों को लोक अदालत के आयोजन की तिथि एवं स्थल की सूचना देकर बकाया शुल्क जमा करने हेतु आग्रह किए जाने के निर्देश दिए गए।

बैठक में वसूलीकर्ताओं से जीआईएस सर्वे फार्म के वितरण की जानकारी ली जाकर सर्वे डाटा परीक्षण कर मई माह में शत - प्रतिशत वितरण करनें, वित्तीय वर्ष के बकायादारों से बकाया राशि की वसूली हेतु वारंट की आगामी कार्यवाही करनें के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान कर निर्धारण एवं नामांतरण के प्रकरणों, बाजार शाखा की वसूली की समीक्षा की जाकर ऐसे दुकानदार जिनपर तालाबंदी की कार्यवाही किये जाने के उपरांत बकाया राशि जमा नहीं की गई है उन्हे पुनः नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

राजस्व अधिकारी ने निर्देशित किया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में निर्धारित लक्ष्य अनुरूप प्रतिदिन 2 रसीद काटनें एवं वसूली कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं की जाएगी। बैठक के दौरान सहायक राजस्व अधिकारी श्री सागर नायक को 40 लाख रूपये, राजस्व उपनिरीक्षक मुकेश राजपूत को 25 लाख रूपये, प्रकाश पांडेय को 30 लाख रूपये, लवकुश तिवारी एवं राजकुमार प्यासी को 20 लाख रूपये की वसूली का लक्ष्य निर्धारित किया जाकर लक्ष्य अनुरूप वसूली कार्य करनें के निर्देश दिए गए।

#### छूट की दें जानकारी

बैठक के अंत मे उपस्थित राजस्व अमले को वित्तीय वर्ष 2025-26 में वर्तमान में कर जमा करनें पर प्रदाय की जा रही छूट का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए अधिक से अधिक सालहाल का कर जमा करानें तथा लोक अदालत का लाभ अधिक से अधिक नागरिकों को प्रदान करनें के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### नाम सोनिया ने बढाया मान



**जयसिंह नगर** सोनिया गुप्ता कक्षा दसवीं पिता नीलेश गुप्ता ने जयसिंह नगर जिला जिला शहडोल सीएम राज स्कूल छात्र कक्षा दसवीं में 91.8% अंक प्राप्त कर विद्यालय परिवार और अपने माता-पिता का नाम रोशन की।

### बका लेकर घूम रहे युवक को किया गया गिरफ्तार

**उमरियापान।** बका लेकर घूम रहे एक युवक को उमरियापान पुलिस ने गिरफ्तार किया हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने बताया कि टोला रोड़ में क्यूली तलाब के पास रविवार को बका लेकर आम रास्ते से आने जाने लोगों को गाली गलौज कर डराने धमकाने वाले युवक को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम रोहित उर्फ सतीष पिता धर्मेन्द्र कोरी 24 मझगंवा थाना के खबरा निवासी होना बताया। युवक के कब्जे से एक धारदार बका जब्त किया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया जहां से युवक को जेल भेजा गया।

### ट्रक की टक्कर लगने से महिला की हुई मौत

**कटनी।** कुठला थाना अंतर्गत खड़ौला में ट्रक की टक्कर से पैदल घर जा रही महिला की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार खड़ौला निवासी वर्षा यादव 30 वर्ष जो कि बीती शाम खड़ौला के बाजार आई हुई थी। महिला बाजार कर घर जा रही थी। इसी दौरान एक ट्रक ने महिला को टक्कर मार दी। घटनास्थल पर ही महिला की मौत हो गई। घटनास्थल पर लोगो की भीड़ एकत्रित हो गई। पुलिस को सूचना मिलने के बाद 108 एबुलेंस की मदद से महिला के शव को जिला अस्पताल लाया गया। बताया जा रहा ट्रक चालक घटनास्थल से फरार हो गया।

### कांग्रेस 9 मई को करेगी संविधान बचाओ आंदोलन

**कटनी।** जिला कांग्रेस सेवादल कटनी की उक्त आंदोलन की भूमिका और नीति निर्धारित करने के लिए प्रभारी विवेक पांडेय गोल्डन द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रभारी विवेक पांडेय गोल्डन ने संविधान की मूल भावना को अवगत कराते हुए बताया कि संविधान भारत देश की आत्मा है जिसमें शामिल मूल अधिकारों और नीति निर्धारक नियमों के आधार पर सैकड़ों वर्षों से भारत देश प्रगति कर रहा है और आज संविधान को बदलने की कोशिश की जा रही है। जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष पंकज गौतम ने प्रभारी को आश्वस्त कराया कि संविधान बचाओ अभियान में सेवादल के सदस्यों द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया जाएगा। बैठक में प्रभारी विवेक पांडेय गोल्डन, पंकज गौतम, मनोज गुप्ता एडवोकेट, जीवेश खरे, पार्थ समाधिया एडवोकेट, इंदरजीत सिंह, हिमांशु तिवारी, मंगल सिंह, आशीष अंकित चतुर्वेदी, अरशद खान, ब्रजेश मौर्य, उदय सिंह गौड़, उदय पटेल, पंकज सोनी, अभिषेक मौर्य, पवन यादव, संदीप यादव आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### चलती ट्रेन में बदमाशों ने की मारपीट व लूटपाट

**कटनी।** पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर रेल मंडल के बांदकपुर-कटनी मुड़वारा के बीच बदमाशों ने चलती ट्रेन में जमकर उत्पात मचाया और यात्रियों के साथ लूटपाट और मारपीट की। इस घटना में आधा दर्जन यात्रियों के घायल होने की खबर है, जिन्हें बीती देर रात कटनी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना की जानकारी लगते ही रेलवे सुरक्षा बल (आरपीफ) और शासकीय रेल पुलिस (जीआरपी) में हड़कंप मच गया। घायलों का इलाज जिला अस्पताल में जारी है। बताया जा रहा है कि बीना से कटनी मुड़वारा स्टेशन तक आने वाली मेमो पैसेंजर ट्रेन नंबर 61619 जैसे ही मुड़वारा स्टेशन पर पहुंची, उसमें सवार यात्रियों ने हंगामा शुरू कर दिया। जानकारी के अनुसार, सभी घायल यात्री बांदकपुर मंदिर से दर्शन कर लौट रहे थे। पीड़ितों के अनुसार, सलैया स्टेशन से 7-8 अज्ञात युवक ट्रेन में सवार हुए। युवकों ने पहले कुछ यात्रियों से विवाद किया जो जल्द ही हाथापाई में बदल गया।

---

### विधायक मीना सिंह ने रखी आधारशिला

# पाली में 13.80 करोड़ की लागत से सड़क निर्माण कार्य का हुआ भूमि पूजन

बिरसिहपुर पालीः पाली

**पाली राष्ट्रीय राजमार्ग लोक निर्माण विभाग द्वारा पाली टाउन से नौरोजाबाद फाटक तक सड़क डामरीकरण कार्य का भूमि पूजन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।**

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मानपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक सुश्री मीना सिंह उपस्थित रहीं। उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर कार्य का शुभारंभ किया।विधायक मीना सिंह ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यह सड़क निर्माण कार्य क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। रामपुर से पाली टाउन और जिला रेलवे फाटक तक लगभग 9 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण 13 करोड़ 80 लाख रुपये की लागत से किया जाएगा। यह मार्ग शहडोल, उमरिया, अनूपपुर और




छत्तीसगढ़ आने-जाने वालों के लिए विशेष रूप से लाभकारी होगा।उन्होंने कहा कि पहले यह मार्ग अत्यंत जर्जर अवस्था में था, जिससे धूल और गड्ढों के कारण आम नागरिकों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। अब इस डामरीकरण कार्य के बाद लोगों को राहत मिलेगी।अपने वक्तव्य में विधायक ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि पूर्व में पाली में दलाली, गुंडा टैक्स और थानों में अनावश्यक हस्तक्षेप आम बात थी। लेकिन वर्तमान सरकार ने इस पर नियंत्रण करते हुए क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता दी है।गौरतलब है कि नगर की प्रमुख सड़क, उत्कृष्ट विद्यालय से जैन पेट्रोल पंप तक एनएच 43 पर बने गहरे गड्ढों के विरोध में हाल ही में व्यापारी संघ ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर विरोध दर्ज कराया था। नागरिक लंबे समय से इस मार्ग की मरम्मत और डामरीकरण की मांग कर रहे थे।विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण और तय समयसीमा में पूर्ण किया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को शीघ्र ही इसका लाभ मिल सके। उन्होंने इसे क्षेत्र की बड़ी सौगात बताया।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

---

# सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मोटरसाइकिल से बारात में शामिल होने जा रहे तीन युवकों को चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी। घटना इतनी भयानक थी कि मौके पर दो युवकों की मौत हो गई जबकि एक युवक घायल है। घटना ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के झिन्ना पिपरिया की हैं। पुलिस प्रकरण दर्ज कर मामले की विवेचना में जुटी है।

जानकारी के मुताबिक दशरमन निवासी रोहित पिता छोटू लाल कोल (19) बघराजी निवासी अंकित पिता अशोक कोल(25) और दशरमन कवि पिता कढोरी कोल (20) तीनों बीती रात को एक ही मोटरसाइकिल से खाम्हा परसेल से भमका की तरफ बारात में जा रहे थे। झिंन्ना पिपरिया में चंडी माता मंदिर के पास मोटरसाइकिल रोककर तीनों रुके। कवि मोटरसाइकिल से नीचे उतरा जबकि रोहित और अंकित दोनों मोटरसाइकिल पर बैठे रहे। इसी दौरान पीछे से एक चार पहिया कार ने सड़क किनारे खड़ी मोटरसाइकिल पर टक्कर मार दी।टक्कर इतनी भयानक थी कि मोटरसाइकिल पर बैठे दोनों युवक उचटकर आगे की तरफ लगे बिजली खम्भे से जा टकराए। वहीं कवि को भी चोटें पहुचीं। तीनों को उमरियापान अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहाँ पर डॉक्टर ने रोहित और अंकित को मृत बता दिया। जबकि कवि का उपचार जारी है। पुलिस ने उमरियापान अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

थाना प्रभारी मोहम्मद शाहिद खान ने बताया कि टक्कर मारने वाले वाहन को जब्त किया है। चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुटी है।

---

### म. प्र. शिक्षक संघ के प्रांतीय प्रशिक्षण वर्ग की समीक्षा बैठक आयोजित

# जम्मू काश्मीर के पहलगाम में निर्दोष मृतकों के प्रति शिक्षक संघ ने दुःख जताते हुये श्रद्धांजलि अर्पित की

बुढार।

म.प्र. शिक्षक संघ संभाग शहडोल द्वारा अमरकंटक में तीन दिवसीय आयोजित किये जानें वाले प्रांतीय प्रशिक्षण वर्ग को भव्यता प्रदान किये जानें मंगलवार को बुढार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

पुण्य सलिला अमरकंटक में 10, 11 एवं 12 मई को म. प्र. शिक्षक संघ का प्रांतीय प्रशिक्षण वर्ग के तैयारीयों को लेकर समीक्षा बैठक के मध्य शिक्षक संघ के नवनियुक्त जिला संगठन मंत्री रीतेश श्रीवास्तव का संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी ने पुष्पगुच्छ से स्वागत किया तथा प्रांतीय प्रशिक्षण वर्ग में संभाग तथा प्रदेश के विभिन्न अंचलों से संघ के पदाधिकारी व सदस्यों की सहभागिता सहित विविध विषयों पर विचार विमर्श कर निर्णय लिया गया।

संगठनात्मक कार्यों में गुणवत्ता, विस्तार तथा संगठन के कार्यकर्ताओं के विकास के पुनीत उद्देश्य से तत्पर म. प्र. शिक्षक संघ के प्रांतीय प्रशिक्षण वर्ग में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक राष्ट्रीय संगठन मंत्री महेंद्र कपूर, राष्ट्रीय महासचिव शिंदन केरा की गौरवमई उपस्थित रहेंगी वहीं म. प्र. शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ छत्रवीर सिंह राठौर, प्रांतीय




महामंत्री राकेश गुप्ता, प्रांतीय कोषाध्यक्ष विनोद कुमार कुनी , प्रदेश संगठन मंत्री हिम्मत सिंह जैन प्रशिक्षण वर्ग में विशिष्ट उपस्थिति रहेगी। म. प्र. शिक्षक संघ संभाग शहडोल द्वारा अमरकंटक में आयोजित किये जानें वाले प्रांतीय प्रशिक्षण वर्ग को लेकर आहुत समीक्षा बैठक में - म. प्र. शिक्षक संघ प्रांतीय आयाम प्रमुख - अरुण मिश्रा, प्रांतीय सचिव महेंद्र त्रिपाठी, संभागीय अध्यक्ष अनिल सिंह, जिला अध्यक्ष लालजी तिवारी, जिला सचिव विनोद सिंह, क्रीड़ा भारती प्रांत मंत्री डॉ राकेश त्रिपाठी, सी.बी. शुक्ला, सीताराम दुबे, विश्वनाथ त्रिपाठी, बृज जायसवाल, उदय सिंह, विजय सिंह, हरिचरण तिवारी, प्रमोद पारस, गौरव अहिरवार, भूपेंद्र सिंह, अजय श्रीवास्तव के उपस्थिति में प्रांतीय प्रशिक्षण वर्ग की तैयारी एवं समीक्षा बैठक आयोजित की गई। म. प्र. शिक्षक संघ के संभागीय एवं प्रांतीय पदाधिकारी ने आहूत बैठक में कहाकि - आगामी 10, 11 एवं 12 मई को अमरकंटक में होंने वाले प्रांतीय प्रशिक्षण वर्ग को पूरी भव्यता के साथ आयोजित किया जायेगा और अतिथियों का संगठन को और अधिक ऊंचाइयां दिलानें निश्चित ही भरपूर उसका मार्गदर्शन मिलेगा।

**बैठक के उपरांत** - जम्मू काश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा निर्दोष पर्यटकों को मारे जानें पर दुख व्यक्त करते हुये तथा मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के राजेश मिश्रा (खैरहनी) के पुत्र प्रतीक मिश्रा के असमय निधन पर दुःख व्यक्त करते हुये दो मिनट का मौन धारण कर संघ के पदाधिकारी व सदस्यों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

---

**जल स्त्रोत को सुरक्षित एवं जल को निर्मल बनाना था उद्देश्य**

# बाकल में करीब तीन सौ वर्ष पुरानी बावड़ी की हुई साफ-सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा विकासखंड बहोरीबंद की नवांकुर संस्था पटना मढ़यि सेक्टर बाकल की समितियों एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम कर रहे छात्र-छात्राओं के सहयोग से ग्राम पंचायत बाकल के बावली मंदिर में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत बावड़ी की सफाई कर कचरे का उचित निदान किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जल स्त्रोत को सुरक्षित और जल को निर्मल बनाना था।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों और छात्र-छात्राओं को बावड़ी के



इतिहास के बारे में जितेंद्र दुबे के द्वारा बताया गया। यह बावड़ी लगभग 300 वर्ष पुरानी है और इसका निर्माण नयनसुख परसोका दुबे के द्वारा ग्रामवासियो को शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया गया था।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने बावड़ी की सफाई में सक्रिय रूप से भाग लिया और जल स्त्रोत को सुरक्षित बनाने के लिए काम किया। इस कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को जल संरक्षण और स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही सभी ने जल संरक्षण हेतु शपथ दिलाई गई

कार्यक्रम में सरपंच मनोज कुमार लोधी, विकासखंड समन्वयक अरविंद शाह, सचिव बेडीलाल चौधरी ,समाजसेवी राजीव लोधी, स्व-सहायता समूह की बहनें, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के परामर्शदाता अवधेश बैरागी, उमा अवस्थी, नवांकुर संस्था से धनीराम लोधी, सुरेंद्र सिंह चक्रवर्ती, सरजू प्रसाद श्रीवास, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति से कमल सिंह पटैल, मनोज कुमार, संस्कार युवा समिति एवं अन्य सदस्यगण और सीएमसीएलडीपी छात्र-छात्राओं नंदिता लोधी, सुष्मिता लोधी प्रियंका अग्रवाल, प्रीती यादव, बवीता लोधी कृष्णा पटेल ने भाग लिया।

---

### कटाएघाट में चलाया गया विशेष सफाई अभियान



जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जन सहयोग के माध्यम से जल स्रोतों नदी तालाबों,रपटा,कुआं बावड़ी के संरक्षण एवं पुनर्जीवन हेतु अभियान चला कर विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं। अभियान अंतर्गत महापौर प्रीति संजीव सूरी ,आयुक्त नीलेश दुबे के निर्देशन में कटाये घाट नदी में विशेष सफाई अभियान चलाकर नदी में जमा जलकुंभी को हटाने की कार्यवाही करते हुए स्वच्छता,जल संवर्धन एवं जल संरक्षण का संदेश दिया गया। विदित हो शासन के निर्देशानुसार प्रदेश भर में 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत जल संरक्षण से संबंधित अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।जिनमें आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए चित्रकला,पोस्टर बैनर, सहित नदियों की साफ–सफाई गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। साथ ही निकाय द्वारा नि :शुल्क सार्वजनिक प्याऊ,कूप मरम्मत, सहित अनेक कार्य किए जा रहे हैं तथा नागरिकों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई जा रही है।

---

# आईपीएल सटोरियों पर नक़ेल कसने पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

थाना प्रभारी माधवनगर अभिषेक चौबे ने पुलिस बल के साथ पूर्व से दर्ज सट्टे के आरोपियों एवं संदिग्धों को चेक किया यह चेकिंग उसे समय की गई जिस समय की आईपीएल का मैच जारी था इसके बाद भी पुलिस ने चेकिंग कार्रवाई की। पुलिस का कहना है कि लगातार संदेही सटोरियों के ठिकानों पर उनको तलाश किया जा रहा है और साक्ष्य मिलते ही उनके खिलाफ में कार्रवाई की जाएगी

यह कार्यवाही अभिजीत कुमार रंजन पुलिस अधीक्षक कटनी के कुशल निर्देशन, डॉ. संतोष डेहरिया अति. पुलिस अधीक्षक एवं ख्याति मिश्रा नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अभिषेक चौबे के नेतृत्व में



माधवनगर पुलिस के द्वारा की गई। पुलिस ने चेकिंग दौरान विनय विरवानी, नीरज उर्फ नीरू, अजय नागवानी, कैलाश उर्फ कैलू अजय पंजवानी राहुल चावला उर्फ बनटा, पिंका चावला को चेक किया गया। थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने जानकारी देते हुए बताया कि थाने के रिकॉर्ड का अवलोकन किया गया और पुराने सटोरियों पर नकेल कसने के लिए उनकी चेकिंग की गई। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी यदि कोई भी व्यक्ति सटोरियों के बारे में सूचना देता है तो वह थाना माधव नगर में संपर्क कर सकता है और सूचना देने वाले व्यक्ति के नाम की जानकारी भी गोपनीय रहेगी।

पुलिस की इस चेकिंग अभियान में वरिष्ट अधिकारीगण के निर्देशन मार्गदर्शन में निरीक्षक अभिषेक चौबे के नेतृत्व में उनि दिनेश कुरेशिया, प्रधान आरक्षक अविनाश मिश्रा, आरक्षक लोकेंद्र सिंह, अनूप सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

---

**छात्र छात्राओं ने चलाया जागरूकता अभियान**

# जन भागीदारी से श्रमदान कर सोख्ता गड्ढा बनाकर जल संवर्धन का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉ. तेजसिंह केशवाल के मार्गदर्शन और विकासखंड समन्वयक बालमुकुंद मिश्र के नेतृत्व में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के परामर्शदाता और छात्र-छात्राओं के सहयोग से पहाड़ी सेक्टर- 4 के ग्राम भनपुरा नंबर -2 मैं जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत अभियान की जागरूकता के लिए ग्राम वासियों के साथ दीवार लेखन एवं रैली के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश दिया। साथ ही हैंड पंप के आसपास साफ-सफाई जन भागीदारी और श्रमदान सोख्ता गड्ढा बनाकर जल संवर्धन का संदेश दिया।



इस संदेश से प्रेरित होकर ग्राम वासियों ने स्थानीय हैंड पंप के आसपास के कचरा और गंदगी की श्रमदान से साफ-सफाई मैं सहभागिता की। जन अभियान परिषद द्वारा नियमित रूप से गांव-गांव में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के परामर्शदाताओं, और छात्र-छात्राओं के सहयोग से रैली, दीवार लेखन, चौपाल और संगोष्ठी के माध्यम से जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके परिणाम स्वरूप जल गंगा संवर्धन अभियान से जुड़कर ग्राम वासी जल संरक्षण के लिए तन और मन से अपना सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

इस आयोजन में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व जनता विकास कार्यक्रम की परामर्शदाता संयोगिता मिश्रा, छात्रा नीतू गड़ारी, काजल, सरला सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासियों की सहभागिता रही। कार्यक्रम के अंत में ग्राम वासियों को जल संरक्षण हेतु शपथ दिलाई गई।

### लुर्मी के बड़ा तालाब जीर्णोद्धार का कार्य प्रारंभ

विकासखंड बड़वारा के ग्राम पंचायत लुर्मी मे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत स्वीकृत बड़ा तालाब जीर्णोद्धार एवं विस्तारीकरण का कार्य प्रारंभ किया गया। इस कार्य की कुल स्वीकृति लागत 9.75 लाख रूपये है। मनरेगा योजना मे पदस्थ अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अजीत सिंह ने बताया कि कार्य पूर्ण होने पर जहां एक ओर जल संरक्षण को प्राथमिकता मिलेगी। वहीं दूसरी ओर जैव विविधता को बढ़ावा मिलेगा।

---

# 10 मई को पांच स्थलों में आयोजित होगी नेशनल लोक अदालत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नागरिकों के बकाया निगम करों को जमा करने हेतु शनिवार 10 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत को सफल बनाए जाने तथा पक्षकारों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी और निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर सोमवार को राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक द्वारा निगम के राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

### यहां आयोजित होगी लोक अदालत

बैठक में नेशनल लोक अदालत के दौरान नागरिकों को निगम करों को जमा करने की सुविधा हेतु विभिन्न पांच स्थलों नगर निगम कार्यालय, बस स्टेंड पुलिस चैकी के पास, दुर्गा चैक खिरहनी, माधवनगर उपकार्यालय एवं सुभाष चैक में बनाए जाने वाले काउंटर एवं उनमें कराई जानें वाली व्यवस्थाओं सहित लोक अदालत के दौरान प्रदान की जाने वाली छूट की जानकारी उपस्थित राजस्व अमले को दी गई।

**खबर संक्षेप**

## अनूपपुर पुलिस अधीक्षक का नवाचार, यात्री वाहनों के लिए जारी किए "स्मार्ट कार्ड"



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर द्वारा नवाचार करते हुए जिले के यात्री वाहनों के लिए "स्मार्ट कार्ड" जारी किए गए। स्मार्ट कार्ड के ज़रिए अब अनूपपुर जिले की पुलिस डिजिटल रुप से यात्री वाहनों के दस्तावेजों की मॉनिटरिंग करेगी। स्मार्ट कार्ड से यात्री वाहनों की सम्पूर्ण जानकारी देखी जा सकेगी। स्मार्ट कार्ड लागू होने से यात्री वाहनों की चेकिंग में खर्च होने वाले समय को बचाया जा सकेगा और यात्रियों को होने वाली असुविधा से भी छुटकारा मिलेगा। यात्री वाहनों की डिजिटल मॉनिटरिंग हेतु "स्मार्ट कार्ड योजना"लागू करने वाला प्रथम जिला अनूपपुर होगा। पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड जिले के नागरिको, यात्रियों ,वाहन स्वामी एवं वाहन चालकों सभी के लिए सुविधा प्रदान करेगा।

## घायलों की मदद पर 3 ग्रामीण युवाओं को पुलिस अधीक्षक ने किया सम्मानित



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** सड़क दुर्घटना में आमजन को सहायता देने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक द्वारा लागू ट्रैफिक मित्र योजना का लाभ आमजन तक पहुंचा। पुलिस अनूपपुर द्वारा निर्देशित ट्रैफिक चौपाल के माध्यम से प्रत्येक ग्राम में आमजन को सहायता देने की शिक्षा अब मूर्त रूप लेने लगी है। पुलिस की सहायता के लिए नियुक्त ट्रैफिक मित्रों द्वारा लगातार सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को सहायता प्रदान की जा रही है। पुलिस अधीक्षक द्वारा अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को तत्काल सहायता एवं उपचार कराने पर 03 ट्रैफिक मित्रों को उपहार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी ट्रैफिक मित्रों के साथ हालचाल लेते हुए वार्तालाप किया गया एवं इसी तरह नेक व्यक्ति के रूप में कार्य करने का मनोबल बढ़ाया गया। ट्रैफिक मित्र नत्थू पटेल ग्राम मंटोलिया, महेंद्र कुमार पनिका ग्राम फ़ुनगा एवं ओम उपाध्याय ग्राम कोलमी को पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्मानित किया गया।

## कलेक्टर के निर्देशन में दिव्यांग रोहिणी प्रसाद को मिली व्हील चेयर



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में कलेक्टर हर्षल पंचोली को जनपद पंचायत अनूपपुर के ग्राम पंचायत चुकान निवासी दिव्यांग रोहिणी प्रसाद ने बताया कि वह जन्म से ही दिव्यांग है तथा उन्हें चलने-फिरने में अब अत्यधिक कठिनाई होती है, जिसके कारण उन्हें व्हीलचेयर की आवश्यकता है, जिससे वह एक स्थान से दूसरे स्थान तक आ जा सके। कलेक्टर के निर्देशानुसार सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर दिव्यांग हितग्राही रोहिणी प्रसाद को एडीप योजना अंतर्गत सहायक उपकरण व्हीलचेयर प्रदान करने की व्यवस्था सामाजिक न्याय विभाग के प्रभारी तथा समग्र विस्तार अधिकारी सुदीप गर्ग द्वारा की गई। तत्पश्चात अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय द्वारा रोहिणी प्रसाद को व्हीलचेयर ससम्मान प्रदान किया गया। इस त्वरित और संवेदनशील कार्यवाही से दिव्यांग हितग्राही रोहिणी प्रसाद प्रसन्न नजर आए।

### कलेक्टर हर्षल की योजना जिसमें कमजोर छात्रों पर फोकस करना आया काम

# एमपी बोर्ड परीक्षा परिणाम के चौथे पायदान पर पहुंचा अनूपपुर



**पिछले बार की तुलना 10वीं, 12वीं मे 10 प्रतिशत परिणामों मे आया उछाल**
**प्रावीण्य सूची में जिले ने बनाया स्थान**




**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट 2025 के परीक्षा परिणाम मंगलवार को घोषित किए गए। जिले का हाई स्कूल का बोर्ड परीक्षा परिणाम पूर्व वर्ष के 70.29 प्रतिशत से बढ़कर 87.66 प्रतिशत रहा। इस तरह 17.37 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। हायर सेकेंडरी का बोर्ड परीक्षा परिणाम पूर्व वर्ष के 75.98 प्रतिशत से बढ़कर 83.51 प्रतिशत रहा, इसमें 7.51 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल के हाई स्कूल (दसवीं) के परीक्षा परिणाम में अनूपपुर जिले के विवेक शिक्षा निकेतन कोतमा के छात्र अंशुल केवट पिता कमल केवट ने 500 में से 492 अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान एवं प्रदेश की प्रवीण्य सूची में नौवां तथा पैरामाउंट अकादमी अंग्रेजी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जैतहरी की छात्रा कु. आकृति शर्मा ने 500 में से 491 अंक प्राप्त कर प्रथम रहकर प्रदेश की प्रवीण्य सूची में दसवां स्थान अर्जित किया है। माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी सर्टिफिकेट परीक्षा वर्ष 2025 में अनूपपुर जिले ने प्रदेश के टॉप-10 में स्थान अर्जित किया है। इसी प्रकार प्रदेश की प्रवीण्य सूची में जिले को कक्षा दसवीं में चौथा तथा कक्षा 12वीं में सातवां स्थान प्राप्त हुआ है। कलेक्टर हर्षल पंचोली के शिक्षा की गुणवत्ता के लिए किए गए सार्थक प्रयास का परिणाम कक्षा दसवीं एवं बारहवीं की परीक्षा परिणाम में देखने को मिला है। कलेक्टर हर्षल पंचोली के शिक्षा की गुणवत्ता के लिए प्री बोर्ड परीक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी कराने, मॉडल मॉक टेस्ट, कमजोर बच्चों विशेष फोकस व विषय वार तैयारी से उत्साह जनक परिणाम परिलक्षित हुआ है। जिला प्रशासन द्वारा आगामी वर्ष में स्मार्ट क्लास तथा विषयवार आवश्यक तैयारी के साथ आगामी शैक्षणिक सत्र में जिले के परीक्षा परिणाम में और वृद्धि के प्रयास किए जाएंगे। इसी तारतम्य में कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल परीक्षा में जिला स्तरीय मेरिट सूची सहित जिले के अन्य सभी सफलता प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की है। जिला शिक्षा अधिकारी टी आर आर्मो तथा रमसा के जिला परियोजना समन्वयक देवेश सिंह बघेल से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला स्तरीय प्रवीण्य सूची में कक्षा दसवीं में नंदिनी सोनी पिता राजेश सोनी न्यू स्टेला मैरी स्कूल हाई स्कूल अनूपपुर ने 487 अंक प्राप्त कर प्रथम, शिवांश त्रिपाठी पिता शिवप्रसाद त्रिपाठी सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर ने 484 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान एवं अनुष्का सिंह राठौर पिता अभय राज राठौर न्यू स्टेला मैरी स्कूल हाई स्कूल अनूपपुर ने 479 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान अर्जित किया है। इसी प्रकार कक्षा 12वीं में जिला स्तर पर महक शिवहरे पिता शुभम शिवहरे सरस्वती शिशु शिक्षा मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जैतहरी ने 481 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, कृष्ण कुमार तिवारी पिता यज्ञ नारायण तिवारी सरस्वती शिशु शिक्षा मंदिर उच्चतर माध्यमिक स्कूल जैतहरी ने 471 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान एवं रिया शुक्ला पिता सत्येंद्र शुक्ला शासकीय बालक हायर सेकेंडरी स्कूल कोतमा ने 469 अंक प्राप्त कर जिले में तृतीय स्थान अर्जित किया है। पूरे जिले में घोषित परीक्षा परिणाम से उत्साह व उमंग का माहौल बना हुआ है।

# फर्जी नोट शीट बनाकर कंपनी को लगाया जा रहा चूना!

## बिना मरम्मत के ही ठेकेदार को कराया जा रहा भुगतान



### मामला आमाडांड ओसीपी का, कोयला मजदूर संगठन ने दिया पत्र



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर/जमुना।** कोल इंडिया की सह कंपनी एसईसीएल जमुना कोतमा क्षेत्र के जीवन दायिनी आमाडाड़ ओसीपी में अधिकारियों द्वारा फर्जी नोट सीट बनाकर ठेकेदार को भुगतान करा कर कंपनी को आर्थिक क्षति पहुंचाई जा रही है जिसकी भनक कोयला मजदूर संगठन को होने पर कोयला मजदूर संगठन के पदाधिकारी ने लिखित पत्र आमाडांड़ ओसीपी के उप क्षेत्रीय प्रबंधक को पत्र देकर 60000 का लगभग भुगतान पर रोक लगाये जाने की मांग की गई है एवं फर्जी नोट सीट तैयार करवाने वाले अधिकारी के विरुद्ध उच्च स्तरीय जांच की मांग की है दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की अपेक्षा की गई है। उक्त संबंध में श्रीकांत शुक्ला क्षेत्रीय अध्यक्ष एचएमएस ने अपने पत्र में अवगत कराया है कि 28 दिसंबर 2024 को उत्खनन प्रबंधक प्रशांत कुमार के द्वारा कोयला उत्खनन में उपयोगी मशीन का बिना मरम्मत के ही अपने चाहते ठेकेदार को फर्जी नोट सीट बनाकर कंपनी को आर्थिक स्थिति पहुंचाई पहुंचा जा रहा है न जाने कितने फर्जी बिल बनाकर अधिकारी एवं ठेकेदार मिलकर कंपनी को आर्थिक क्षति पहुंचाई गई होगी, इसकी सतर्कता विभाग से जांच करने की मांग को भी उच्च अधिकारियों से की गई है, जिसमें हजारों रुपए का भुगतान कराया जा रहा है जिस पर रोक लगाई जाए पत्र में लिखा हुआ है कि 566554 रूपये का फाल्स नोटशीट बनाकर एक्सी 2913 एवं 2763 के गेवर रिपेयरिंग के नाम से भुगतान कराकर कंपनी को आर्थिक क्षति पहुंचा रहे हैं। आमाडांड ओसीपी के उत्खनन प्रबंधक प्रशांत कुमार द्वारा कूट रचित एवं मनगढंत झूठा रिपेयरिंग के नाम पर 28 दिसम्बर 2024 को नोटशीट बनाया गया है। जिसमें विभिन्न बिंदुओं पर रिपेयरिंग का कार्य दर्शाया गया है जो उस मशीन में संबंधित ठेकेदार द्वारा कार्य किया ही नहीं गया है, सिर्फ कुछ मजदूर दिये गये है, सभी कार्य विभागीय कर्मचारियों एवं फोरमैन के द्वारा किया गया है। दोनों मशीनों का एक्सी2763 एवं 2913 तेल एवं मलवा विभागीय कर्मचारियों द्वारा साफ किया गया है। व्हास्टरोप एवं चूम नीचे करने का काम विभागीय कर्मचारियों द्वारा किया गया, दोनों मशीनों का फास्टनर गैस एवं कटिंग द्वारा ठेकेदारी मजदूरों द्वारा किया गया,व्हास्टगेयर एवं पिनियन विभागीय कर्मचारियों द्वारा खोल कर लगाया गया, माउन्टींग बोल्ट एवं पायडिस्टर को हटाकर दोनो व्हास्ट ड्रम के साथ गियर पिनियन की फिटिंग विभागीय कर्मचारियों द्वारा किया गया एक्सी2763 में दोनों गेयर एवं पिनियन के दांतों का रिपेयरिंग किया ही नहीं गया है। उपरोक्त इलेक्ट्रॉड एवं ग्राइण्डिंग का उपयोग जब गियर रिपेयरिंग ही नहीं किया गया तो इलेक्ट्रॉड एवं ग्राइण्डिंग का काम भी नहीं हुआ, व्हास्टगेयर एवं पिनियन सेट को 2763 से खोल कर 2913 में विभागीय कर्मचारियों द्वारा फिट किया गया है पैडिस्टर, माउण्टिंग एवं पूरे सेट को ठीक से लगाना। विभागीय कर्मचारियों द्वारा किया गया है,122 दांता के रिपेयरिंग का जो नोटशीट में लिखा है उसमें एक भी दांता रिपेयर नहीं हुआ है सिर्फ पैसा बढ़ाने के लिये लिखा गया है। फास्टनर एवं बिल्डिंग द्वारा जो छत को काटा गया था वह आज तक दोनों मशीनों में जोड़ा नहीं गया बल्कि एक मशीन कबाड़ में कटकर चली भी गई। रिसाव प्रूफ छत के लिये तारपिन की चादर भी विभागीय कर्मचारियों द्वारा लगाया गया है छत की आधी रेलिंग को लगाया भी नहीं गया है दोनों मशीन में लाईन बोरिंग भी नहीं किया गया,नोटशीट में यह अंकित किया गया है कि यह सब कार्य करने के लिये बहुत ही कुशल कर्मचारियों की आवश्यकता है। आमाडांड ओसीपी में 25-30 वर्ष से फिटर, फोरमैन एवं दो ए7 के इंजीनियर व एक ए4 का इंजीनियर प्रशांत कुमार जो अभी भी आमाडांड ओसीएम में पदस्थ हैं एवं पीके जैना 1 जनवरी 2025 को सेवानिवृत्त हो चुके है इससे और अनुभव वाले कर्मचारी एवं फिटर कहाँ मिलेंगे। श्रीकांत शुक्ला अध्यक्ष एचएमएस जमुना कोतमा क्षेत्र ने कंपनी के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि ऐसे गलत नोटशीट बनाने में अंकुश लगाया एवं उपरोक्त बिल 566554 रूपये का भुगतान रोका जाय एवं इसकी जाँच कराई जाये।



# भुवन ऋभु बने वर्ल्ड ज्यूरिस्ट एसोसिएशन से सम्मानित होने वाले पहले भारतीय अधिवक्ता

### हार्ड के साथ मिलकर जिले में बाल अधिकारों की सुरक्षा में निभा रहे प्रमुख भूमिका

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** भुवन ऋभु अनूपपुर जिले में बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के काम से करीब से जुड़े हैं जहां जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन बाल विवाह व बच्चों की ट्रैफिकिंग की रोकथाम के लिए स्थानीय स्तर पर होलिस्टिक एक्शन रिसर्च एण्ड डेवेलपमेंट (हार्ड) का सहयोग व मार्गदर्शन कर रहा है। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) बाल अधिकारों की सुरक्षा के क्षेत्र में दुनिया का सबसे बड़ा कानूनी हस्तक्षेप नेटवर्क है जिसके सहयोगी नागरिक समाज संगठन देश के 416 जिलों में काम कर रहे हैं। जिले को बच्चों के लिए सुरक्षित बनाने व 2030 तक बाल विवाह के खात्मे के लिए होलिस्टिक एक्शन रिसर्च एण्ड डेवेलपमेंट (हार्ड) संस्था भुवन ऋभु के कानूनी व रणनीतिक दिशानिर्देशों पर अमल कर रहा है। प्रख्यात बाल अधिकार अधिवक्ता व जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) के संस्थापक भुवन ऋभु को वर्ल्ड लॉ कांग्रेस की बैठक में वर्ल्ड ज्यूरिस्ट एसोसिएशन (डब्ल्यूजेए) ने प्रतिष्ठित 'मेडल ऑफ ऑनर' से सम्मानित किया। वे यह सम्मान पाने वाले पहले भारतीय हैं। भुवन ऋभु का मध्य प्रदेश और खास तौर से अनूपपुर, शहडोल, उमरिया से गहरा नाता रहा है जहां जेआरसी के सहयोगी के तौर होलिस्टिक एक्शन रिसर्च एण्ड डेवेलपमेंट (हार्ड) जिले में बाल अधिकारों की सुरक्षा के लिए जमीनी स्तर पर काम कर रहा है। बाल अधिकारों की सुरक्षा के लिए जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन दुनिया का सबसे बड़ा कानूनी हस्तक्षेप नेटवर्क है जिसके सहयोगी संगठन देश के 416 जिलों में जमीन पर काम कर रहे हैं। वर्ष 1963 में स्थापित वर्ल्ड ज्यूरिस्ट एसोसिएशन दुनिया के विधिवेत्ताओं की सबसे पुरानी संस्था है जिसने न्याय के शासन की स्थापना में अपने योगदान के लिए विंस्टन चर्चिल, नेल्सन मंडेला, रूथ बेडर गिन्सबर्ग, स्पेन के राजा फेलिप षष्टम, रेने कैसिन और कैरी कैनेडी जैसी ऐतिहासिक हस्तियों को सम्मानित किया है। डोमिनिकन रिपब्लिक में 4 से 6 मई के बीच हुए इस कार्यक्रम में दुनिया के 70 से ज़्यादा देशों से आए लगभग 1500 विधिवेत्ता और 300 से अधिक वक्ता शामिल हुए। इस मौके पर दुनिया की सबसे पुरानी ज्यूरिस्ट संस्था ने भुवन ऋभु को बच्चों के अधिकारों और सुरक्षा के लिए दो दशकों से ज़्यादा समय से किए जा रहे उनके बेहतरीन काम- चाहे वो क़ानूनी लड़ाइयां हों या जमीनी जागरूकता- के लिए सम्मानित किया। डोमिनिकन रिपब्लिक के श्रम मंत्री एडी ओलिवारेज ऑर्तेगा और वर्ल्ड ज्यूरिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष जेवियर क्रेमाडेस ने उन्हें 'मेडल ऑफ ऑनर' प्रदान किया। इस अवसर पर डोमिनिकन रिपब्लिक की महिला विभाग की मंत्री मायरा जिमेनेज भी उपस्थित थीं।

# केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री ने मां नर्मदा का लिया आर्शीवाद



### रोपित किया एक पेड़ मां के नाम आम का पौधा

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** मध्य प्रदेश के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर पतित पावनी मां नर्मदा जी का उद्गम स्थल एवं नर्मदा मंदिर में पूजन अर्चन एवं दर्शन किया उन्होंने प्रदेशवासियों के खुशहाली सुख समृद्धि की कामना मां नर्मदा से की। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर अमरकंटक प्रवास के दौरान वार्ड क्रमांक 11 बैंक टोला स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने एक गर्भवती महिला का विधिवत गोद भराई की रस्म अदा की तथा उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र में छोटे-छोटे बच्चों को भी बिस्कुट आदि वितरित किए तथा उन्होंने आंगनबाड़ी परिसर में एक वृक्ष मां के नाम आम के पौधे का रोपण किया मंत्री श्रीमती ठाकुर ने बच्चों से राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री का नाम पूछा आंगनबाड़ी केंद्र में आए एक बच्चे ने एक कहानी का गीत गाकर सुनाया। आंगनबाड़ी केंद्र में किशोरी एवं धात्री महिलाओं से भी बातचीत कर जानकारी ली। पवित्र नगरी अमरकंटक प्रवास में कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल पूरे समय उनके साथ रहे। महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर ने कहा कि अमरकंटक वह पहली बार आई है उन्हें बहुत अच्छा लगा नर्मदा जी के असीम कृपा पूरे मध्य प्रदेश पर है प्रदेश की जीवनदायनी मां नर्मदा है इसीलिए मां नर्मदा की परिक्रमा की जाती है। उन्होंने आगे कहा कि माँ स्वस्थ रहेगी बच्चा स्वस्थ होगा तब संपन्न राष्ट्र होगा स्वस्थ राष्ट्र होगा। उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि प्रत्येक वर्ष एक लाख चिन्हित आंगनबाड़ी केंद्र का समुचित सर्वांगीण विकास किया जाएगा यहां सभी सुविधाएं उपलब्ध रहेगी ताकि बच्चों को अच्छे से अच्छा वातावरण मिल सके। प्रदेश एवं देश में डबल इंजन की सरकार है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशानुसार विकास कार्य किए जा रहे हैं महिला सशक्तिकरण की ओर प्रधानमंत्री के मंशा के अनुसार जोर-जोर से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने पवित्र नगरी अमरकंटक में शासकीय महाविद्यालय खोले जाने हेतु अपने स्तर पर मुख्यमंत्री को पत्र लिखने एवं बात करने कहा।

# सेवा निवृत सहायक उप निरीक्षक करमचंद परस्ते को दी गई भावभीनी विदाई



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय अनूपपुर में विदाई समारोह आयोजित कर 30 अप्रैल को सेवानिवृत हुए सहायक उप निरीक्षक करमचंद परस्ते को विदाई दी गई, विदाई समारोह में पुलिस अधीक्षक अनूपपुर द्वारा सहायक उप निरीक्षक करमचंद परस्ते को शाल श्रीफल स्मृति चिन्ह भेंट कर आगामी जीवन की सुख समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य की शुभकामनाएं दी। सेवा निवृत्त सहायक उप निरीक्षक करमचंद परस्ते जी का का जन्म 15/04/1962 को ग्राम रहली जिला डिंडोरी में हुआ था अपने ग्रह ग्राम से हायर सेकेंडरी तक शिक्षा अर्जित कर सन 1988 को आप पुलिस विभाग में आरक्षक के पद पर भर्ती होकर शहडोल में पदस्थ हुए। जो सन 2003 तक शहडोल में पड़त रहकर 14 अगस्त 2003 को स्थानांतरण पर अनूपपुर आए। 29/09/2015 को आप प्रधान आरक्षक के पद पर पदोन्नति हुए तथा 8 9 2021 को सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नति हुए अपनी पदस्थापना के दौरान आपने थाना जैतहरी चचाई, भालूमाड़ा, कोतवाली ,कोतमा अजाक, अस्पताल चौकी एवं थाना यातायात में सेवाएं दी। आपके द्वारा किए गए अच्छे कार्यों के लिए विभाग द्वारा आपको 90 बार इनाम देकर पुरस्कृत किया गया। 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर विभाग में 34 वर्ष 10 माह सेवा देकर 30अप्रैल को सेवानिवृत हो रहे है। विदाई समारोह में पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समस्त पुलिस अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

